झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्र निर्माण सेना

**16 May 2023**

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


**Website :** www.rnsacademy.in
**Email :** academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


**Contact : 8084818282, 9113365645**


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 16 मई का इतिहास

- **2008 :** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय शिक्षण संस्थानों के स्नाकोतर पाठ्यक्रमों में 27% ओबीसी कोटा पर रोक के कोलकाता उच्च न्यायालय के निर्णय को खारिज कर दिया।
- **2004 :** रोजर फेडेरर ने हेम्बर्ग मास्टर्स खिताब में जीता।
- **2013 :** अमेरिकी वैज्ञानिकों को पहली बार क्लोन किए गए इंसानी भ्रूण से स्टेम सेल यानी मूल कोशिका निकालने में सफलता मिली।
- **1877 :** फ्रांस में राजनीतिक संकट शुरू हो गया।

## 16 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने घोषणा की कि उत्तर पूर्वी राज्यों में भूमि शासन के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। यह निर्णय गुवाहाटी, असम में आयोजित पूर्वोत्तर राज्यों में भूमि शासन पर राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया गया। सम्मेलन के दौरान वर्तमान राज्य प्रथाओं ओर भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण और भूमि प्रशासन मूल्यांकन ढांचे पर सत्र आयोजित किए गए।
- बैडमिंटन एशिय ने उमर रशीद को तकनीकी अधिकारी समिति के चेयर के रूप में नियुक्त किया है, जो बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव हैं। रशीद ने बीएआई के पिछले पद में विशाल अनुभव से समिति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे भारत में बैडमिंटन को आगे बढ़ावा मिलेगा। तकनीकी अधिकारियों की समिति के अध्यक्ष के रूप में रशीद नियमों और विनियमों के विकास और कार्यान्वयन की देखरेख करेंगे जो देश भर में बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंपायरिंग के मानकों को बढ़ाएंगे।
- इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने क्षेत्रीय शांति और विकास के लिए एकता और आर्थिक एकीकरण का आग्रह किया। शिखर सम्मेलन से तिमोर लेस्ते की पूर्ण सदस्यता के लिए एक रोडमैप तैयार करने की उम्मीद हैं। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन का विषय आसियान मैटर: एपिसेंट्रम ऑफ ग्रोथ हैं।
- आर्थिक संकट के बीच भारत ने श्रीलंका को एक और साल के लिए $1 बिलियन की क्रेडिट लाइन देने का फैसला किया है, जिससे आवश्यक आयात के लिए भुगतान करने के लिए बहुत आवश्यक धन उपलब्ध कराया जा सके। क्रेडिट लाइन पिछले साल अपने चरम संकट के दौरान भारत द्वारा श्रीलंका को दी गई $4 बिलियन की आपातकालीन सहायता का हिस्सा है।
- केंद्र सरकार ने कैंसर, मधुमेह, ह्रदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम का नाम बदलकर गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम करने का निर्णय लिया हैं। यह कदम कई नई बीमारियों या रोग समूहों के जुड़ने के कारण उठाया गया है, जिसने केंद्र सरकार को कई नई पहल शुरू करने के लिए प्रेरित किया। नए नाम के तहत सभी तरह के गैर संचारी रोगों को समाहित कर दिया गया है।
- 1 अगस्त से सेना में ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के लिए सामान्य वर्दी होगी। सेना ने फैसला किया है कि 1 से ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के पास उनके अलग-अलग मूल कैडर और नियुक्ति के बावजूद एक समान वर्दी होगी। निर्णय के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के हेडगियर, शोल्डर रैंक बैज, गोरगेट पैच, बेल्ट और जूता एक जैसा होगा। कर्नल ओर उससे नीचे के रैंक के अधिकारियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी में कोई बदलाव नही होगा।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा एक लर्निंग मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम लॉन्च किया गया है। इसे सक्षम नाम दिया गया है। स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सक्षम का शुभारंभ किया। यह एक डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म है। यह भारत में सभी स्वास्थ्य पेशेवरों को ऑनलाइन प्रशिक्षण और चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने का एक मंच हैं। यह स्वास्थ्य पेशेवरों की समावेशी क्षमता निर्माण सुनिश्चित करेगा। अब तक मंच ऑनलाइन मोड के माध्यम से 200 से अधिक सार्वजनिक स्वास्थ्य और 100 नैदानिक पाठ्यक्रमों की मेजबानी कर रहा है।
- पंजाब सरकार ने पैदल चलने वालों ओर साइकिल सवारों की मौतों में लगातार वृद्धि के कारण चलने के अधिकार को लागू करने की घोषणा की हैं।
- रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद ने मेड इन इंडिया रत्न आभूषण को बढ़ावा देने के लिए दुबई में भारत आभूषण प्रदर्शनी 2023 लॉन्च किया। आईजेईएक्स 2023 दुबई में अपनी तरह का पहला आभूषण प्रदर्शनी केंद्र हैं। आईजेईएक्स 2023 एक ग्लोबल व्यापार स्पर्श बिंदु हैं, जिसे विशेष रूप से जीजेईपीसी सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय खरीदरों से जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की एक नई रिपोर्ट ने विश्व स्तर पर मातृ मृत्यु, मृत जन्म ओर नवजात मृत्यु को कम करने में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला हैं। रिपोर्ट से पता चलता है कि 2020-2021 में इस तरह की संयुक्त 4.5 मिलियन मौते हुई, जिसमें भारत 10 देशों की सूची में सबसे आगे था, जो कुल मृत्यु का 60% हिस्सा है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. राष्ट्रीय डेंगू दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 16 मई (B) 17 मई
(C) 18 मई (D) 19 मई

**(A)** राष्ट्रीय डेंगू दिवस हर साल 16 मई को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को डेंगू के बारे में जागरूक करना है और इसके लक्षण, कारण और उपचार के बारे में बताना है। यह दिवस स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से मनाया जाता हैं। यह दिवस स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से मनाया जाता हैं।




**2. अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 मई (B) 12 मई
(C) 14 मई (D) 16 मई

**(D)** प्रतिवर्ष 16 मई को विश्व भर में यूनेस्को द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश दिवस एक वार्षिक पहल है, जिसका उद्देश्य आम जनमानस के दैनिक जीवन में प्रकाश-आधारित प्रौद्योगिकियों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। प्रकाश हमारे जीवन में एक केंद्रीय भूमिका निभाता है। सबसे बुनियादी स्तर पर प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से प्रकाश ही जीवन में मूल में हैं।




**3. गूगल भारत सहित कितने देशो में अपने जेनरेटिव एआई चैटबॉट बार्ड को रोल आउट करेगा ?**

(A) 120 (B) 150
(C) 180 (D) 200

**(C)** गूगल ने घोषणा की है कि वह भारत सहित 180 से अधिक देशों में अपने जेनरेटिव एआई चैटबॉट बार्ड को रोल आउट करेगा। बार्ड एक बड़ा भाषा मॉडल है जो टेक्स्ट जनरेट कर सकता है, भाषाओं का ट्रांसलेशन कर सकता है, विभिन्न प्रकार की क्रिएटिव कंटेंट लिख सकता है, और आपके सवालों के जवाब सूचनात्मक तरीके से दे सकता हैं। यह अभी भी विकास के अधीन है, लेकिन इसने कई प्रकार के कार्यो को करना सीख लिया है, जिनमें शामिल है-मैं आपके निर्देशो का पालन करने और सोच-समझकर आपके अनुरोधों को पूरा करने की पूरी कोशिश करूगा।



**4. हाल ही में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो 2023 कहां आयोजित होगा ?**

(A) नई दिल्ली (B) मुंबई
(C) कोलकाता (D) हिमाचल प्रदेश

**(A)** पीएम मोदी 18 मई को अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो 2023 का शुभारंभ नई दिल्ली के प्रगति मैदान में करेंगे। ऐसे में देश की राजधानी इस महत्वपूर्ण आयोजन की साक्षी बनेगी। यह अपनी तरह का पहला, व्यापक तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो है, जिसका उद्देश्य देशभर के विभिन्न म्यूजियम द्वारा प्रदर्शित विविध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना है।




**5. शांति से एक साथ रहने के अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 14 मई (B) 15 मई
(C) 16 मई (D) 17 मई

**(C)** हर साल संयुक्त राष्ट्र और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में कई अन्य संगठनों द्वारा शांति में एक साथ रहने का अंतर्राष्ट्रीय दिवस शांति में एक साथ रहने के अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। यह दिन जाति, लिंग धर्म और भाषा के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने, मानवाधिकारों के सम्मान को बढ़ावा देने और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।

**6. हाल ही में हरित पत्तन दिशानिर्देश 2023 हरित सागर का शुभारंभ किया ?**

(A) सर्बानंद सोनोवाल (B) पीयूष गोयल

(C) राजनाथ सिंह (D) नरेंद्र मोदी

**(A)** पत्तन, पोत परिवहन एंव जलमार्ग मंत्रालय द्वारा जीरो कार्बन उत्सजर्न लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए व्यापक दृष्टिकोण को पूरा करने के उद्देश्य से हरित पत्तन दिशानिर्देश 2023 हरित सागर का शुभारंभ किया गया है। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग ओर आयुष मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने नई दिल्ली में केंद्रीय पतन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्य मंत्री श्री श्रीपद वाई. नाइक तथा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में दिशानिर्देश जारी किए।



**7. हाल ही में गुच्ची की पहली भारतीय वैश्विक दूत कौन बनी है ?**

(A) कृति सेनन (B) दीपिका पादुकोण

(C) आलिया भट्ट (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** इटली के लग्जरी फैशन ब्रांड गुच्ची ने आलिया भट्ट को भारत से अपना पहला ग्लोबल एंबेसडर नियुक्त किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आलिया अगले सप्ताह सियोल के ग्योंगबोकगंग पैलेस में होने वाले गुच्ची क्रूज, 2024 में इस ब्रांड की नई ग्लोबल एंबेसडर के रूप में नजर आएगी।




**8. हाल ही में आरबीआई ने किस बैंक पर 1.73 करोड़ रूपये का जुर्माना लगाया है?**

(A) HSBC बैंक (B) यस बैंक

(C) आरबीआई बैंक (D) एक्सिस बैंक

**(A)** भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रेडिट सूचना कंपनी नियम, 2006 के उल्लंघन के लिए हांगकांग और शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड पर 1.73 करोड़ रूपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। एचएसबीसी ने सभी चार क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनियों को जीरो बैलेंस डयू वाले मल्टीपल एक्सपायर्ड क्रेडिट कार्ड्स के बारे में झूठी क्रेडिट जानकारी दी।




**9. हाल ही में संस्कृत मंत्रालय और MyGov ने किस नाम से एक सिगिंग टैलेंट हंट लांच किया है ?**

(A) सुर संग्राम (B) गायन गौरव

(C) युवा प्रतिभा (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** विभिन्न गायन विधाओं में नई और युवा प्रतिभाओं का चयन तथा उनकी पहचान करके राष्ट्रीय तौर पर जमीनी स्तर पर भारतीय संगीत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्कृति मंत्रालय मे सहयोग से MyGov एक सिंगिंग टैलेंट हंट युवा प्रतिभाग लॉन्च कर रहा हैं। प्रतियोगिता के लिए प्रारंभिक सबमिशन डेढ़ महीने की अवधि के लिए खुला रहेगा।




**10. हाल ही में किस मंत्रालय ने लर्निग मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम सक्षम लांच किया है ?**

(A) कृषि (B) स्वास्थ्य मंत्रालय

(C) वित्त मंत्रालय (D) शिक्षा मंत्रालय

**(B)** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव, श्री राजेश भूषण ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के लर्निंग मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम, सक्षम एडवांस्ड नॉलेज फॉर सस्टेनेबल हेल्थ का शुभारंभ किया। यह डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान नई दिल्ली द्वारा विकसित किया गया है।

